ओंटारियो के व्यवसायों के लिए नियामक आवश्यकताएँ

एक व्यवसाय के स्वामी के रूप में ओंटारियो में अपने दायित्वों तथा कार्य-नियोक्ताओं व कर्मचारियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में समझें।

सभी व्यवसायों के लिए नियम और विनियम

रोजगार मानक अधिनियम

न्यूनतम वेतन, काम के घंटों की सीमाओं, रोजगार का अंत, रोजगार के तहत कवर किए जाने वाले अनुपस्थिति अवकाशों के नियमों तथा और भी अधिक बातों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिनियम

कार्यस्थल में सभी के अधिकारों तथा कर्तव्यों और कार्यस्थल में खतरों का सामना कैसे करें, इस बारे में जानकारी प्राप्त करें।

कर और लाभ

पूरी तरह से कर-संबंधी नियमों का अनुपालन करें और व्यवसायों के लिए ओंटारियो कर क्रेडिट तथा कार्य-नियोक्ता स्वास्थ्य कर (कार्य-नियोक्ताओं द्वारा भुगतान किए जाने वाले पेरोल कर) के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

अभिगम्यता कानून

ओंटारियो को सभी के लिए और भी अधिक समावेशी बनाने के प्रयोजन से कानून और मानक लागू हैं। अपने व्यवसाय के लिए सुगम्यता आवश्यकताओं व मानकों और सुगम्यता क्षमता रिपोर्ट को पूरा करने के तरीके के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

कुछ व्यवसायों को प्रभावित करने वाले नियम और विनियम

व्यवसायों के लिए उपभोक्ता संरक्षण जानकारी

उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का अनुपालन करना सीखें और उपभोक्ताओं की शिकायतों से बचें।

कृषि और खाद्य कानून

कृषि-खाद्य व्यवसायों के लिए खाद्य सुरक्षा और कृषि कानूनों का पालन करना अनिवार्य है। गोश्त संयंत्रों के लिए लाइसेंस का आवेदन करना और गोश्त प्रसंस्करण से संबंधित विशिष्ट अधिनियमों तथा नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य है।

पर्यावरणीय अनुमतियाँ

अपने व्यवसाय के लिए आवश्यक हो सकने वाली अलग-अलग प्रकार की पर्यावरणीय अनुमतियों, और इनमें से प्रत्येक के लिए आवेदन कैसे करें, इस बारे में जानकारी प्राप्त करें।

पशु कल्याण

जिन व्यवसायों के परिसरों में पशु हैं, उनके लिए *प्रांतीय पशु कल्याण सेवाएँ अधिनियम* का अनुपालन करना अनिवार्य है।

कमर्शियल वाहन

इस बारे में जानकारी प्राप्त करें कि ट्रकों या बसों जैसे कमर्शियल वाहनों के परिचालन के लिए आपको किन बातों की आवश्यकता है।

ओंटारियो की भवन संहिता

ओंटारियो की भवन संहिता के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें, ताकि आपका व्यवसाय ओंटारियो में भवन-निर्माण के लिए आवश्यक सभी विनियमों को पूरा कर सके।

उत्तर में व्यापार

क्या आप उत्तर में परिचालन करते/ती हैं? यह देखने के लिए जांच करें कि क्या आप उपलब्ध व्यावसायिक समर्थन सेवाओं, अनुदानों और ऋणों के लिए पात्र हैं।

इन नियामक आवश्यकताओं के बारे में

और अधिक जानकारी प्राप्त करें:

Ontario.ca/business

Ontario